# महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्तशासी संस्था)

Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain

(An autonomous Organization under Ministry of Education, Govt. of India)


17-3/2026(प्र/वि)/मसारावेविप्र/ दिनांक 07-08-2026

सूचना - 2103

प्रतिष्ठान से सम्बद्ध समस्त वेद पाठशालाओं एवं गुरु-शिष्य परंपरा इकाइयों को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु नए छात्रों के प्रवेश की प्रक्रिया संपन्न की जा चुकी है। पूर्व में कई बार निर्देश दिए जाने के उपरांत भी यह देखने में आया है कि प्रवेश के समय अभिभावकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों तथा जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के अंतर्गत नगर निगम/ग्राम पंचायत द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र की प्रविष्टियों में भिन्नता पाई जाती है। अतः समस्त सम्बद्ध पाठशालाओं एवं इकाइयों को निर्देशित किया जाता है कि छात्रों के प्रवेश के समय निम्नलिखित बिंदुओं का पालन सुनिश्चित करें:

- जन्म तिथि का मिलान: छात्र की जन्म तिथि की जाँच सक्षम प्राधिकारी (नगर निगम/ग्राम पंचायत) द्वारा जारी मूल जन्म प्रमाण पत्र तथा उसके स्थानांतरण प्रमाण पत्र (TC) से अनिवार्य रूप से की जाए।
- प्रविष्टियों की शुद्धता: छात्र का नाम, उपनाम, माता का नाम तथा पिता का नाम सभी दस्तावेजों में एक समान एवं त्रुटिरहित हो।

7.8.2026

(प्रो. विरूपाक्ष वि.जड्डीपाल)

सचिव

प्रतिलिपि :

1. संबद्ध समस्त पाठशालाओं एवं इकाइयों को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रतिष्ठान की वेबसाईट पर प्रकाशनार्थ ।
2. कार्यालय आदेश पत्रावली


Tele : 0734-2502266, 2502254, 2502255 Fax : 0734-2502266

E-mail :msrvvpujn@gmail.com Website : msrvvp.ac.in